इंदौर, गुरुवार, 29 जनवरी 2015

दबंग City

■ यशवंत क्लब के सदस्यों में आई जागरूकता ■ पीआरटीएस की साइबर पर 83वीं कार्यशाला

पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रहे हैं साइबर अपराध

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) द्वारा बुधवार को यशवंत क्लब में सदस्यों के लिए साइबर अपराधों से बचने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। पीआरटीएस की यह 83वीं कार्यशाला थी।

ब्लैक रिबन इनिशिएटिव के सहयोग अभियान के तहत आयोजित इस कार्यशाला में पीआरटीएस के डायरेक्टर वरुण कपूर ने क्लब के सदस्यों को बताया पूरी दुनिया में अब साइबर अपराध तेजी से घटित हो रहे हैं, क्योंकि इस आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग विश्वभर के सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है।

कार्यशाला को संबोधित करते पीआरटीएस के डायरेक्टर वरुण कपूर।

जागरूकता ही बचाव

साइबर स्पेस में अपराधी आपकी जानकारी चुराने, इंटरनेट के माध्यम से हैकिंग करने, बैंकिंग फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड व अन्य प्रलोभन देकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। उनसे बचने का सबसे सर्वोत्तम उपाय है जागरूकता। उन्होंने सदस्यों को सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड सुरक्षित रखने, साइबर स्टॉकिंग, बुलिंग आदि के बारे में जानकारी दी। इस काल्पनिक दुनिया में साइबर के शिकार होने से कैसे बचा जाए और इस विधा का उपयोग करने के दौरान अनजाने में न तो हमसे अपराध हो और न ही कोई पीड़ित हो सके, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गई। समापन अवसर पर कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।